दिन– मंगलवार                                                                                  दिनांक– 01/09/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                          अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्र सरकार से राष्ट्रीय गाद प्रबंधन नीति बनाने की मांग की।

02. केन्द्र सरकार ने बिहार समेत तीन राज्यों में एनआईए की नई विशेष अदालतें गठित की हैं।

03. आर्थिक अपराध इकाई ने दारोगा भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायतों की जांच के लिए एसआईटी बनायी।

04. और, राज्य सरकार ने लोगों से बाढ़ के पानी से पकड़ी गयी मछलियों का सेवन नहीं करने का किया आग्रह।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्र सरकार से राष्ट्रीय गाद प्रबंधन नीति बनाने की मांग की है। उन्होंने नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से मुलाकात कर बिहार से संबंधित महत्वपूर्ण जल संसाधन, सिंचाई और बाढ़ प्रबंधन परियोजनाओं की प्रगति को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने इंद्रपुरी जलाशय योजना, सोन–फल्गु नदी जोड़ योजना तथा सारण जिला बाढ़ नियंत्रण एवं जलनिकासी परियोजना (फेज–वन) को केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में शामिल करने का भी अनुरोध किया। साथ ही, फरक्का बराज एवं भारत–बांग्लादेश जल संधि से उत्पन्न समस्या, नदी की धारा में बदलाव तथा बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए राष्ट्रीय गाद प्रबंधन नीति एवं समर्पित कोष बनाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने नेपाल से संबंधित लंबित महत्वपूर्ण परियोजनाओं–कोसी हाई डैम, कमला डैम और बागमती डैम–के सर्वेक्षण तथा डी०पी०आर० कार्य में तेजी लाने का भी अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कोसी–मेची अंतर्राज्यीय रिवर लिंक परियोजना सहित केन्द्रीय बजट में घोषित लंबित सिंचाई एवं बाढ़ प्रबंधन परियोजनाओं की शीघ्र स्वीकृति एवं केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया। बातचीत के दौरान उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधान मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद थे।

————————————————————————————

भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जी डी पी में वित्त वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस की पहली तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह वृद्धि दर छह दशमलव नौ प्रतिशत थी।

वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास दर मजबूत बनी हुई है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जी डी पी में भी दस दशमलव तीन प्रतिशत की बढोतरी हुई। मंत्रालय के सचिव सौरभ गर्ग ने कहा कि सभी क्षेत्रों में वृद्धि बेहद सकारात्मक है।

———साउंड बाईट———

ओवरऑल ग्रोथ इन ऑल सेक्टर्स हेस बीन वेरी पॉजिटिव और यह यहीं दर्शाता है कि जो प्रकार से इंटरवेंशंस हुए हैं सरकार के वो इंपैक्ट रख रहे हैं और जबकि ओवरऑल हालात में चेंजस हैं जियो पोलिटिकल सिचुएशन में उसके बावजूद ग्रोथ रेट इतनी पॉजिटिव है। प्राइवेट और सरकारी दोनों के ही कारण फिक्स्ड कैपिटल ग्रोथ में होता है और 12 पर्सेंट का यह भी दर्शाता है कि जो फ्यूचर क्वार्टर्स की ग्रोथ है उसका भी हम एक अंदेशा देता है कि क्या है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि को बड़ी उपलब्धि बताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि तेल की कीमतों में उतार—चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद यह उपलब्धि देश के लोगों की सामूहिक शक्ति और दृढ़ता को दर्शाती है।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने बिहार, राजस्थान और आंध्र प्रदेश में तीन नई विशेष एनआईए अदालतें गठित की है। इन अदालतों में उन अपराधों की सुनवाई होगी, जिसकी जांच एनआईए कर रही है। ऐसे अपराधों में आतंकवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामले और अन्य गम्भीर मामले शामिल हैं। पटना स्थित जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छब्बीस की अदालत को एनआईए मामले के लिए विशेष न्यायालय संख्या दो के रूप में नामित किया गया है। यह न्यायालय केवल एनआईए द्वारा जांचे गये अनुसूचित अपराधों के मुकदमों की सुनवाई करेगा तथा इसका अधिकार क्षेत्र पूरा बिहार होगा। इन अदालतों का गठन एनआईए एक्ट दो हजार आठ की धारा ग्यारह के अन्तर्गत संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों और राज्य सरकारों से विचार—विमर्श के बाद किया गया है।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने दारोगा भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायतों की जांच के लिए विशेष अनुसंधान दल, एसआईटी का गठन किया है। इस जांच दल में चार डीएसपी और चार इंस्पेक्टर शामिल किये गये हैं। ईओयू के डीआईजी मानव जीत सिंह ढ़िल्लो ने बताया कि ईओयू ने धांधली की शिकायतों की जांच के लिए पूर्णिया और गया केस को अपने हाथ में ले लिया है। उन्होंने कहा कि कुछ अभ्यर्थियों

की शिकायतें मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। अब तक की पुलिस जांच में मिले साक्ष्यों और दर्ज प्राथमिकी का अध्ययन करके जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधान पार्षद देवेश कुमार को राज्य योजना पर्षद का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री कुमार का कार्यकाल तीन साल का होगा। योजना और विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार उपाध्यक्ष के रूप में देवेश कुमार को राज्य मंत्री की सुविधाएं मिलेंगी। गौरतलब है कि उन्होंने पिछले महीने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। वहीं, सरकार ने हरेन्द्र बहादुर सिंह को नागरिक पर्षद का महासचिव मनोनीत किया है, जबकि डॉक्टर अजय कुमार सिंह को नागरिक पर्षद का उपाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही, सरकार ने प्रदेश स्तरीय राज्य क्रियान्वयन कमिटी में तीन नये सदस्यों को नियुक्त किया है। कैबिनेट विभाग की अधिसूचना के अनुसार विधायल आलोक कुमार सिंह, पूर्व मंत्री अनिल कुमार और लोजपा, रामविलास के नेता सुरेन्द्र विवेक को सदस्य मनोनीत किया गया है। इन्हें उप मंत्री स्तर की सुविधाएं मिलेंगी।

———————————————————————————

राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि पार्टी के जिलाध्यक्ष अब पचपन वर्ष से कम उम्र के लोग बनाये जायेंगे। पार्टी के संगठनात्मक मुद्दे पर पार्टी नेताओं के साथ चर्चा में उन्होंने जिला अध्यक्ष के लिए चार–चार नेताओं का नाम भेजने का आग्रह किया है। श्री यादव ने कहा कि वे पार्टी की जिलावार बैठक भी करेंगे।

———————————————————————————

केन्द्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा आज स्वच्छता पखवाड़ा–दो हजार छब्बीस का उद्घाटन करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य एकल–उपयोग वाले प्लास्टिक के उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कपड़े के थैलों और दोबारा प्रयोग की जाने वाली बोतलों के उपयोग को बढ़ावा देना है। यह पखवाड़ा पन्द्रह सितम्बर तक चलेगा। उर्वरक विभाग ने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान का लक्ष्य भौतिक और डिजिटल दोनों कार्यस्थलों पर स्वच्छता को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना और कार्य संस्कृति में गुणात्मक सुधार लाना है।

———————————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि दो अक्टूबर से सभी जिलों में खाद की ऑनलाईन बिक्री होगी। उन्होंने पटना में एक कार्यक्रम में कहा कि पहले पायलट

प्रोजेक्ट के तहत वैशाली और शेखपुरा में ऑनलाईन बिक्री की व्यवस्था शुरू हुई थी। इसकी सफलता को देखते हुये अब प्रदेशभर में इसका विस्तार किया जा रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि विभाग ने खाद बिक्री व्यवस्था को डिजिटल और किसान केन्द्रित बनाने के लिए एफ एस ए एस के माध्यम से ऑनलाईन व्यवस्था विकसित की गयी है। इसका सीधा लाभ अब किसानों को मिलेगा।

———————————————————————————

नेपाल में बचाव दल त्रिशुली—थ्रीए जलविद्युत परियोजना स्थल पर कीचड़ से भरी सुरंगों में फंसे छह सौ से अधिक श्रमिकों तक पहुंचने के लिए तेजी से प्रयास कर रहा है। बचाव दल सुरंगों को साफ करने और जीवित बचे लोगों की तलाश के लिए विस्फोटकों, भारी मशीनों और एयर पंपों का उपयोग कर रहे हैं। नेपाल के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, नौ सौ उनतालीस लोगों की मौत हो चुकी है और तीन हज़ार नौ सौ पच्चीस लोग लापता हैं। इन लापता लोगों में पांच सौ बानवे विदेशी नागरिक शामिल हैं। अब तक जलविद्युत परियोजनाओं से दो सौ उनासी लोगों को बचाया जा चुका है, जबकि देश भर में ग्यारह हज़ार से अधिक लोगों को बचाया जा चुका है।

———————————————————————————

नेपाल में आई बाढ़ और बिहार में बढ़ते नदी जलस्तर के बीच पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने लोगों को बाढ़ के पानी से पकड़ी गई मछलियों का सेवन नहीं करने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार, बाढ़ के पानी में मछलियों के सीवेज, मृत पशुओं और अन्य दूषित पदार्थों के संपर्क में आने से इनके जीवाणु, विषाणु और अन्य रोगजनक तत्वों से दूषित होने की आशंका रहती है। ऐसी मछलियों का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जब तक बाढ़ का पानी पूरी तरह स्थिर नहीं हो जाता और जलस्रोतों की स्थिति सामान्य नहीं हो जाती है, तब तक बाढ़ के पानी से पकड़ी गई मछलियों का उपयोग खाद्य के रूप में न किया जाए। विभाग ने आम लोगों से अज्ञात या असामान्य दिखाई देने वाली मछलियों का सेवन नहीं करने की अपील की है। साथ ही, बाढ़ के पानी से पकड़ी गई मछलियों की खरीद—बिक्री और खाद्य उपयोग से बचने की सलाह दी गई है।

———————————————————————————

दक्षिण—पश्चिम मानसून की ट्रफ रेखा राज्य के उत्तरी भागों से गुजर रही है। इसके प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, रोहतास, बक्सर, भोजपुर समेत राज्य के दक्षिण—पश्चिम भागों में कई स्थानों पर

अत्यधिक भारी वर्षा रिकॉर्ड की गई। सबसे अधिक एक सौ पैंतालीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश औरंगाबाद के गोह में दर्ज की गई। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज औरंगाबाद, गया, कैमूर और रोहतास जिलें में कई स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की आशंका है।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने एसिड हमले के बढ़ते मामलों को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने पूछा है कि क्या एसिड की खुदरा बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए या इसे सख्त नियमों के दायरे में लाया जाना चाहिए।

———————————————————————

और अब खबरें खेल जगत से....

चीन के किंगदाओ में आयोजित होने वाली एशिया रग्बी अंडर एटीन चैंपियनशिप के लिए घोषित भारतीय टीम में बिहार के आठ खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। बालक टीम का कप्तान पटना के रोहित कुमार जबकि पटना की सलोनी कुमारी को भारतीय महिला रग्बी टीम की कमान सौंपी गयी है।

पश्चिम बंगाल के आसनसोल में आयोजित दसवीं शूटिंग चैंपियनशिप में राज्य के खिलाड़ियों ने दस स्वर्ण समेत उन्नीस पदक जीते हैं। पटना के प्रथम चक्रवर्ती ने अलग–अलग वर्गों में चार स्वर्ण पदक प्राप्त किये।

भुवनेश्वर में तीन सितम्बर से खेली जाने वाली पूर्वी क्षेत्र इंटर–स्टेट बेडमिंटन चैंपियनशिप के लिए बिहार पुरूष, महिला, जूनियर बालक और जूनियर बालिका टीम की घोषणा कर दी गयी है।

पटना में आयोजित सातवीं राज्य मांउनटेन साईकिलिंग चैंपियनशिप के सीनियर पुरूष ट्वेंटी किलोमीटर क्रॉस कन्ट्री मास स्टार्ट में कैमूर के राकेश रंजन ने स्वर्ण पदक जबकि महिला वर्ग में बेगूसराय की बबली ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार–झारंखड में सोन के जल बंटवारे का विवाद खत्म। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में दोनों राज्यों में बनी सहमति।

दैनिक जागरण ने केन्द्र सरकार के निर्णय के हवाले से लिखा है– एससी–एसटी को गम्भीर बीमारियों में मिलने वाली मदद का दायरा बढ़ा।

दैनिक भास्कर ने शिक्षक स्थानांतरण पर लिखा है– अब पांच सितम्बर को जारी होगी ट्रांसफर की औपबंधिक सूची।

प्रभात खबर की सुर्खी है– टीआरई– फोर के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया स्थागित।

आज अखबार लिखता है– विश्वविद्यालयों में होगी पीजी के समान पाठ्यक्रम की पढाई।

राष्ट्रीय सागर ने बाढ़ की खबर पर लिखा है– बिहार में बाढ़ से बीस जिले प्रभावित, छप्पन सौ लोगों को किया गया रेस्क्यू।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्र सरकार से राष्ट्रीय गाद प्रबंधन नीति बनाने की मांग की।

02. केन्द्र सरकार ने बिहार समेत तीन राज्यों में एनआईए की नई विशेष अदालतें गठित की हैं।

03. आर्थिक अपराध इकाई ने दारोगा भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायतों की जांच के लिए एसआईटी बनायी।

04. और, राज्य सरकार ने लोगों से बाढ़ के पानी से पकड़ी गयी मछलियों का सेवन नहीं करने का किया आग्रह।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।